क्या कर्मचारी होना बेहतर है?

कार्यस्थल के अधिकारों और परिस्थितियों में अंतर की तुलना करें:

स्वतंत्र कान्ट्रैक्टर (ठेकेदार)	कर्मचारी
✗कोई न्यूनतम वेतन नहीं मिलता है (जब तक कि कान्ट्रैक्ट/अनुबंध में इसका उल्लेख न किया गया हो, जो मौखिक, लिखित या दोनों का मिश्रण हो सकता है)	✓न्यूनतम वेतन मिलता ही है
✗ओवरटाइम या सप्ताहांत या सार्वजनिक छुट्टी के दिन काम करने पर कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं मिलता है (जब तक कि अनुबंध में ऐसा न हो)	✓अक्सर सप्ताहांत और सार्वजनिक छुट्टियों पर ओवरटाइम वेतन और पेनल्टी दरों के हकदार होते हैं
✗कोई सवेतन अवकाश नहीं मिलता है (जब तक कि अनुबंध में ऐसा न हो)	✓बीमार होने पर या छुट्टियां मनाने के लिए अवकाश के हकदार होते हैं (अधिकांश कैज़ुअल कर्मियों के अलावा), अक्सर यह छुट्टी भुगतान के साथ दी जाती है
✗कभी-कभी, कोई सुपरऐनूएशन नहीं मिलता है	✓नियोक्ता को आपकी सुपरऐनूएशन राशि में योगदान करना होगा (बहुत सीमित सी परिस्थितियों को छोड़कर)
✗कभी-कभी, बशर्ते कि आपने अपना स्वयं का बीमा न खरीदा हो, तो कोई श्रमिक चोट मुआवज़ा (वर्ककवर) नहीं मिलता है	✓नियोक्ता को वर्ककवर बीमा के लिए भुगतान करना होगा और यदि आप काम के कारण घायल या बीमार हो जाते हैं तो आपको भुगतान किया गया अवकाश या मुआवज़ा मिल सकता है
✗यदि आपका ग्राहक कान्ट्रैक्ट समाप्त कर देता है, तो आप फेयर वर्क कमीशन में अनुचित बर्खास्तगी का दावा नहीं कर सकते हैं	✓यदि आपका नियोक्ता आपको नौकरी से निकाल देता है या नौकरी छोड़ने के लिए मजबूर करता है, तो आप फेयर वर्क कमीशन के माध्यम से इसे चुनौती देने के योग्य हो सकते हैं

कभी-कभी, नियोक्ता अपने कर्मचारियों को बताते हैं कि वे स्वतंत्र कान्ट्रैक्टर हैं, जबकि वास्तव में वे कर्मचारी होते हैं। बुरे नियोक्ता जानबूझकर ऐसा करते हैं, ताकि श्रमिकों को वह वेतन और परिस्थितियां न देनी पड़ें जिसके हम सभी हकदार हैं। यह गैरकानूनी हो सकता है।

मुझे नहीं लगता कि मुझे ABN पर होना चाहिए। मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आपको लगता है कि कुछ ठीक नहीं है तो हम आपकी सहायता कर सकते हैं। आप नीचे दिए गए विवरण पर हमसे संपर्क कर सकते हैं:-

- हमें (03) 7009 6710 पर फ़ोन करें
- हमारी वेबसाइट पर अभी अपॉइंटमेंट बुक करें: migrantworkers.org.au/get_help

वे चीज़ें जो आप अभी कर सकते हैं:

- अपने बॉस से लिखित अनुबंध/कान्ट्रैक्ट मांगें जिसमें आपके काम की शर्तें और नियम बताए गए हों
- अपने काम से संबंधित किसी भी अनुबंध, इन्वॉइस (बिल), पत्रों, संदेशों और ईमेल आदि को संभाल कर रखें
- अपने बॉस के साथ हुई किसी भी मीटिंग और फ़ोन कॉल के नोट बना लें, जिसमें तारीख और समय भी लिखा जाए
- आपको जो भी कार्य करने को कहा गया है, उनका एक रिकॉर्ड रखें
- काम की प्रत्येक शिफ्ट की तिथि, समय और स्थान का रिकॉर्ड रखें

MIGRANT WORKERS CENTRE

migrantworkers.org.au

mwc@migrantworkers.org.au

(03) 7009 6710

/mwcvic

@mwcvic

@mwcvic

हम आपको दी जाने वाली जानकारी का बहुत ख़्याल रखते हैं, लेकिन हम इसकी सटीकता, विश्वसनीयता, वर्तमानता या पूर्णता की कोई गारंटी नहीं दे सकते। यहाँ दी गई जानकारी सारांश रूप में दी गई है तथा साधारण किस्म की है तथा यह कानूनी सलाह नहीं है। आप पर यह किस प्रकार लागू होगी, यह आपकी व्यक्तिगत स्थिति पर निर्भर करेगा। अपनी स्थिति से जुड़ी विशिष्ट सलाह के लिए, तथा इस जानकारी के आधार पर कोई भी निर्णय लेने से पहले, आपको अपने संघ (यूनियन), वकील या अन्य पेशेवर सलाहकार से बात करनी चाहिए। यदि आप नवीनतम, और आपकी स्थिति के अनुकूल कोई सलाह प्राप्त करने के लिए निःशुल्क और गोपनीय सहायता चाहते हैं तो हमसे संपर्क करें।

हिन्दी

क्या मुझे ABN पर होना चाहिए?

कार्यस्थल पर ABN को समझना

MIGRANT WORKERS CENTRE

ABN क्या होता है?

ABN का मतलब है ऑस्ट्रेलियन बिज़नेस नंबर। ABN एक संख्या है जो सरकार,अन्य व्यवसायों तथा समुदाय के लिए किसी व्यवसाय (स्वतंत्र कान्ट्रैक्टरों सहित) की पहचान करती है।

क्या मैं एक स्वतंत्र (इंडिपेंडेंट) कान्ट्रैक्टर हूँ या कर्मचारी हूँ?

बहुत से लोग अन्य लोगों को अपनी सेवाएँ प्रदान करके अपना खुद का व्यवसाय चलाते हैं। उदाहरण के लिए, अमन प्रत्येक सप्ताह कई ग्राहकों को विशेषज्ञ बागवानी सेवाएं प्रदान करती है और प्रत्येक ग्राहक से एक शुल्क लेती है जिसे वह अपने पास रख लेती है। अमन एक स्वतंत्र कान्ट्रैक्टर है और वह ABN प्राप्त करने की हकदार हो सकती है।

अन्य लोग किसी अन्य व्यक्ति के स्वामित्व वाले व्यवसाय में कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं, जो उनका नियोक्ता होता है। कर्मचारियों को अपने नियोक्ता को टैक्स फाइल नंबर (TFN) उपलब्ध कराना चाहिए। नियोक्ताओं को वास्तविक कर्मचारियों से ABN नहीं मांगना चाहिए।

ऐसे कारक हैं जो आपको अंतर बताने में मदद कर सकते हैं

यह चेकलिस्ट (जांच सूची) केवल एक मार्गदर्शिका है।

आप स्वतंत्र ठेकेदार है या कर्मचारी, यह ज़रूरी नही कि दोनों पक्षों के कारकों की संख्या से तय हो। सभी कारकों पर एक साथ विचार किया जाना चाहिए।

यदि आप अनिश्चित है, तो प्रवासी श्रमिक केंद्र (Migrant Workers Centre) आपकी मदद कर सकता है।

आपके स्वतंत्र कान्ट्रैक्टर होने की संभावना अधिक है यदि:	आपके कर्मचारी होने की संभावना अधिक है और आपको अपना टैक्स फाइल नंबर प्रदान करना चाहिए यदि:
☐ आप अपने खुद के लिए काम करते हैं - आप क्या काम करते हैं उस पर आपका नियंत्रण है (उदाहरण के लिए, यदि समय आपके लिए सही नहीं है या काम बहुत दूरी पर है तो आप ग्राहकों को मना कर सकते हैं)	☐ आप किसी और के लिए काम करते हैं - आपका नियोक्ता निम्न को नियंत्रित करता है: 1. आप क्या काम करते हैं और कैसे करते हैं 2. आप कितने घंटे काम करते हैं? 3. आप कहाँ काम करते हैं (आमतौर पर वही स्थान होता है जहाँ आपका सुपरवाइज़र काम करता है)
☐ आप अपने द्वारा तय किए गए समय पर अलग-अलग लोगों को सेवाएं प्रदान कर सकते हैं	☐ जिन घंटों के दौरान आपका नियोक्ता आपसे उनके लिए काम करने की अपेक्षा करता है, उन घंटों में आप किसी और के लिए काम नहीं कर सकते हैं
☐ आप सार्वजनिक रूप से अपनी सेवाओं का विज्ञापन करते हैं	☐ आपका नियोक्ता अपनी सेवाओं का विज्ञापन करता है
☐ आप अपने स्वयं के औज़ारों और उपकरणों का उपयोग करते हैं	☐ आपका नियोक्ता आपको उपयोग करने के लिए उपकरण और साज़ो-सामान प्रदान करता है
☐ आप किसी और को काम सौंपने (और उन्हें भुगतान करने) का निर्णय ले सकते हैं	☐ आपका नियोक्ता यह निर्णय लेता है कि काम का कोई भी भाग वह किसी अन्य व्यक्ति से करवाना चाहता है
☐ आप अपनी पसंद की वर्दी चुन सकते हैं, यदि कोई हो	☐ आपका नियोक्ता आपको एक वर्दी देता है
☐ आप अपना खुद का बिज़नेस कार्ड रखते हैं	☐ आपके बिज़नेस कार्ड पर भी आपके नियोक्ता का नाम होता है
☐ आप अपने सभी कर (टैक्स) और सुपरऐनूएशन का प्रबंधन स्वयं करते हैं	☐ आपका नियोक्ता आपके वेतन से टैक्स काटता है और आपके सुपरऐनूएशन (सेवानिवृत्ति राशि) में योगदान डालता है
☐ जो भी आपकी सेवाओं के लिए आपको भुगतान करने के लिए सहमत होता है, वो आपको तब भुगतान करता है जब आप अपना खुद का इन्वॉइस (बिल) उसे भेजते हैं, जिसमें आपके द्वारा प्रदान की गई वस्तुओं या सेवाओं को सूचीबद्ध किया जाता है	☐ आपका नियोक्ता आपको नियमित रूप से आपके काम के घंटों के लिए भुगतान करता है, चाहे आपने कोई भी काम किया हो या आपके काम का परिणाम कुछ भी रहा हो (बशर्ते कि आपको इकाइयों के हिसाब से, कमीशन या बोनस का भुगतान न किया जा रहा हो)d
☐ आप खुद ही यह निर्णय लेते हैं कि यदि आप बीमार हैं या आपको छुट्टी की आवश्यकता है तो आप काम नहीं करेंगे, यह जानते हुए कि इससे आपकी आय कम हो सकती है	☐ आपके द्वारा सूचित किए जाने के बाद, आपका नियोक्ता आपकी बीमारी की छुट्टी और अन्य छुट्टियों को स्वीकृत करता है, जिनके लिए आम तौर पर भुगतान किया जाता है
☐ आप अपने व्यवसाय की लागतों का भुगतान स्वयं करते हैं, जैसे कि बीमा खरीदना, तथा व्यवसाय की लागतों का भुगतान करने के बाद होने वाला लाभ आप अपने पास रख लेते हैं।	☐ आपका नियोक्ता आपके वेतन और बीमा जैसी व्यावसायिक लागतों का भुगतान करता है, और होने वाले लाभ को आपका नियोक्ता अपने पास रख लेता है
☐ यदि आपके काम में कोई समस्या आती है या व्यवसाय ठीक से नहीं चलता है तो आप धन के नुकसान का सामना कर सकते हैं	☐ आपके काम की गुणवत्ता या मात्रा कुछ भी रही हो, आपको भुगतान किया जाता है (बशर्ते कि आपको इकाइयों के हिसाब से, कमीशन या बोनस का भुगतान न किया जा रहा हो), और यदि व्यवसाय को नुकसान होता है तो आपका नियोक्ता लागत में होने वाला नुकसान खुद उठाता है